दिनांकः 26.04.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर`

- आम चुनाव के दूसरे चरण के तहत प्रदेश के 13 संसदीय क्षेत्रों में डाले जा रहे हैं वोट–मतदाताओं में उत्साह।
- 2 करोड़ 80 लाख से अधिक मतदाता करेंगे 152 उम्मीदवारों के सियासी भविष्य का फैसला।
- जयपुर में अगले महीने आयोजित होगा **द ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार**–मुख्य सचिव ने की तैयारियों की समीक्षा ।
- पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में आज बीकानेर, अजमेर, भरतपुर, कोटा और जयपुर संभाग में कुछ स्थानों पर बारिश के आसार।

........................

आम चुनाव के दूसरे चरण के तहत आज 12 राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 88 सीटों के लिए वोट डाले जा रहे हैं। इस चरण में प्रदेश के 13 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान हो रहा है। इनमें टोंक–सवाईमाधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाडा, चितौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़–बारां सीटों के लिए शांतिपूर्ण वोटिंग जारी है। इन सीटों पर आज 152 प्रत्याशियों के सियासी भविष्य का फैसला होगा। इनमें 145 पुरूष और 7 महिला उम्मीदवार शामिल हैं। सबसे ज्यादा 18 प्रत्याशी चित्तौड़गढ़ लोकसभा सीट और सबसे कम 7 प्रत्याशी झालावाड–बारां सीट पर हैं। बांसवाड़ा जिले के बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र के लिए भी आज उपचुनाव हो रहा है। सुबह सात बजे से शुरू हुआ वोट डालने का सिलसिला शाम छह बजे तक जारी रहेगा।
मतदान के प्रति लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। मेवाड़, मारवाड़ और हाड़ौती अंचल के मतदान केन्द्रों पर लोग परिवार सहित मतदान उत्सव के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाने पहुंच रहे हैं। डूंगरपुर के आसपुर क्षेत्र के पुनाली मतदान केन्द्र पर ढोल नगाड़ों के साथ मतदाताओं का स्वागत किया जा रहा है। भीलवाडा, जैसलमेर और सिरोही में भी मतदान केन्द्रों पर कतारें देखी जा रही हैं। हमारे चित्तौडगढ संवाददाता ने बताया कि मतदान केन्द्रों पर पीने के पानी, छाया सहित अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गयी हैं।

........................

जोधुपर में मतदान उत्सव में भागीदारी के लिए लोगों में जोश है। कई प्रवासी भारतीय भी मतदान के लिए परिवार सहित जोधपुर पहुंचे हैं।

........................

कोटा में भी नजारा देखने लायक है।

........................

पहली बार वोट डालने वाले पाली के नव मतदाता साकेत जैन ने लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी निभाकर खुशी जाहिर की।

........................

बारां के आदर्श मतदान केन्द्र को शादी समारोह की तरह सजाया गया है। जालौर में हरित मतदान केन्द्रों की सुंदर सजावट लोगों को आकर्षित कर रही है। सवाईमाधोपुर सहित कई अन्य मतदान केन्द्रों पर तीन पीढ़ियों ने एक साथ मतदान कर लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया।
मतदान केन्द्रों पर पहले पहुंचने वाले मतदाताओं से पौधरोपण करवाया जा रहा है। सीईओ राजस्थान की वेबसाइट पर सेल्फी पोस्ट करने पर प्रमाण पत्र दिया जाएगा। साथ ही कई अन्य श्रेणियों में भी मतदाताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

निर्वाचन विभाग ने नवाचार करते हुए अजमेर, जोधपुर, कोटा, सिरोही और उयदपुर संसदीय क्षेत्रों के पोलिंग बूथों पर क्यू मैनेजमेंट सिस्टम लगाया है। इसके जरिये मतदाताओं को घर बैठे मतदान केन्द्रों पर लगी कतारों की जानकारी मिल सकेगी।

.........................

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने लोकतंत्र के इस पर्व में भागीदारी के लिए मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए विशेष इंतजाम किये गये हैं।

.........................

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन 13 संसदीय क्षेत्रों में 2 करोड़ 80 लाख पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें 1 करोड़ 44 लाख से अधिक पुरूष और 1 करोड़ 36 लाख से ज्यादा महिला मतदाता हैं। 324 ट्रांसजेंडर वोटर हैं। इनके लिए 28 हजार 758 पोलिंग बूथ बनाये गये हैं। 1 लाख 72 हजार से अधिक कर्मचारी मतदान प्रक्रिया सम्पन्न करवा रहे हैं। चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किये गये हैं। इसके लिए राजस्थान पुलिस, होमगार्ड, आरएसी और सीएपीएफ के 82 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किये गये हैं।

हर विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं, युवाओं और दिव्यांगों की ओर से प्रबंधित मतदान केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं। दूसरे चरण के सभी 13 संसदीय क्षेत्रों में आज सार्वजनिक अवकाश है। मनरेगा श्रमिकों को भी सवैतनिक अवकाश दिया जाएगा। वोटर आईडी नहीं होने की स्थिति में कोई भी मतदाता आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस सहित 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज़ में से कोई एक दिखाकर वोट डाल सकते हैं।

.........................

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान दिवस पर आज मतदाताओं को प्रोत्साहित करने और मतदान की ताजा जानकारी श्रोताओं तक पहुंचाने के लिए आकाशवाणी जयपुर से विशेष कार्यक्रम और बुलेटिन प्रसारित किये जाएंगे। विशेष लाइव फोन इन कार्यक्रम ''चुनाव समय है'' सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्रसारित होगा। हमारे विशेष बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजे हिन्दी में और शाम पांच बजे राजस्थानी में प्रसारित होंगे। इनकी अवधि पांच–पांच मिनट की होगी।

.........................

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने जयपुर में अगले महीने होने वाले **द ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार** की तैयारियों के सम्बन्ध में कल बैठक की। मुख्य सचिव ने इस आयोजन में राजस्थान की पर्यटन विशेषताओं को मुख्य रूप से दर्शाने पर जोर दिया। श्री पंत ने तीन दिवसीय आयोजन के उद्घाटन कार्यक्रम को अधिक आकर्षक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर राजस्थान की कला संस्कृति, पर्यटन और इतिहास को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया जाए। पर्यटन निदेशक डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि जयपुर में 5 से 7 मई तक होने वाले इस आयोजन में पहले दिन **वेड इन इंडिया एक्सपो** होगा।

.........................

पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में आज बीकानेर, अजमेर, भरतपुर, कोटा और जयपुर संभाग में कुछ स्थानों पर दोपहर बाद हल्की बारिश की संभावना है। कहीं–कहीं तेज हवा के साथ छींटे पड़ने के भी आसार हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का असर कल भी कुछ स्थानों पर देखने को मिल सकता है। इस बीच, कल कई स्थानों पर दिन का पारा 40 डिग्री से ऊपर दर्ज हुआ। चूरू और हनुमानगढ़ में भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। भीलवाडा में तेज गर्मी के बाद कल शाम मौसम बदला और बादल छाये रहे।

.........................